कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कमांक : शिविरा/माध्य/खेलकूद–1/स्काउट–गाइड/35105/2020–21 दिनांक 16-06-2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त जिले

विषय :– स्काउट/गाइड गतिविधि कोटामनी(सदस्यता शुल्क) के सम्बन्ध में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्काउट/गाइड गतिविधि को शिक्षा विभाग में प्राथमिकता दी जाती है । छात्र/छात्राओं में अनुशासन, सेवाभावी, चारित्रिक, नैतिक विकास, स्वालम्बर आदि मानवीय गुणों को विकसित करने में अमूल्य योगदान रहा है । राज्य सरकार ने भी स्काउट/गाइड गतिविधि का संचालन सभी विद्यालयों में करने के लिए निर्देशित किया है ।

पंजीकृत स्काउट गाइड यूनिट की सदस्यता शुल्क (क़ोटामनी) जो कि स्थानीय संघ को प्रतिवर्ष देय होती है। जानकारी में आया है कि कुछ विद्यालयों ने गत कई वर्षो से कोटामनी का भुगतान नहीं किया है।

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक :– शिविरा/माध्य/खेलकूद–1/35105/2010.11 दिनांक :– 15.04.2011 एवं शिविरा/माध्य/खेलकूद–1/35105/2011–12 दिनांक :– 02.08.2011 के सन्दर्भ में पुनः आदेशित किया जाता है कि स्काउट/गाइड ग्रुपों की कोटामनी जमा करवाये जाने के लिए आप अपने स्तर पर आदेश प्रसारित करें, खेलकूद शुल्क जमा होने की भॉति स्काउट/गाइड कोटामनी जमा होने की सूचना का पत्र जिले के सर्कल आर्गेनाइजर एवं स्थानीय संघ सचिव से प्राप्त कर विद्यालयों को पेपर वितरण करावें जिससे स्काउट/गाइड कोटामनी (सदस्यता शुल्क) प्राप्त हो सकेगी । विद्यालय कोष की बचत राशि में कोटामनी भुगतान की प्रशासनिक स्वीकृति दी जाती है।

स्काउट/गाइड प्रवृति को सुचारू रूप से संचालित किये जाने के लिए आप विद्यालयों के निरीक्षण के समय स्काउटिंग/गाइडिंग प्रवृति की जानकारी प्राप्त कर विजिट रिर्पोट में सम्मिलित करें ।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

कमांक : शिविरा/माध्य/खेलकूद–1/स्काउट–गाइड/35105/2020–21 दिनांक 16-06-2020

प्रतिलिपि : – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1.स्टेट चीफ कमिश्नर, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड/हिन्दुस्तान स्काउट व गाइड
2.संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग
3.जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, समस्त जिले
4.समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी........................
5.सहायक राज्य संगठन आयुक्त,मण्डल मुख्यालय भारत स्काउट व गाइड/हिन्दुस्तान स्काउट व गाइड
6.सर्कल आर्गेनाइजर, जिला मुख्यालय,..
7. निजी/रक्षित रक्षित

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Scanned with CamScanner